Title: Need to upgrade the facilities and frequencies of trains running between the Dhanbad and Mugal Sarai Mandals.

श्री रविन्द्र कुमार पांडेय : महोद्य, छोटा नागपुर से रेल विभाग को आमदनी होती है। खास तौर पर धनबाद और मुगलसराय स्टेशन के रख-रखाव और वहां से चलने वाली ट्रेनों में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे उतनी उपलब्ध नहीं हो पाती। आप्से आग्रह है कि धनबाद और मुगलसराय मंडल में खास तौर पर जो छोटा नागपुर का इलाका है, वहां रेलों की बढ़ोत्तरी हो, स्टेशन का सौन्दर्यीकरण हो और अधिक से अधिक ट्रेनों का ठहराव हो। साथ ही साथ रेल मंडलों के आमदनी के अनुपात में विकास कार्य हो और मंत्रियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान हों।